काकड़े के ओपरेशन के बाद की सूचनाएँ :

१. ओपरेशन के बाद रोगी को होश आने के बाद ऊबके आना और ऊल्टी आना सामान्य है ।

२. ऊल्टी या थूक के साथ थोड़ा खून आना या नाक में सो खून आना स्वाभाविक है ।

३. एनेस्थेशिया देने से पहले दिये गये इन्जेक्शन (GLYCOPYRROLATE) के कारण शरीर गरम रहना या संपूर्ण शरीर लाल हो जाना वह रीएक्शन या बुखार नहीं है ।

४. काकड़े और कान की नस एक ही होने से काकड़े के ओपरेशन के बाद दो सप्ताह तक कान में दर्द होना सामान्य है ।

५. रोगी के होश में आने के बाद नीचे सूचनाओं का पालन करें :

६. आपको लिखी गई दवाईयों में (HYDROGEN PEROXIDE) (सफेद रंग की प्रवाही दवा) और (BETADINE MOUTH GARGLES) (100 ML) (कथ्थई रंग की प्रवाही दवा) है । दोनों प्रवाही की एक-एक चम्मच ले कर एक गिलास पानी में डाल कर दिन में १० बार कुल्ला करें । खाने के बाद कुल्ला जरुर करें । कुल्ला गले में ओपरेशन की गई जगह तक जाय इस तरह से करें और उसके बाद पूरी दवाई थूक दें । दवाई निगलनी नहीं है ।

७. काकड़े के ओपरेशन के बाद कुल्ला करना अत्यंत आवश्यक है । क्योंकि दवाई के कुल्ले से ओपरेशन की गई जगह का ड्रेसींग होता है । काकड़े के ओपरेशन के बाद बोलना नियमित रुप से चालू रखें जिससे गले को कसरत मिलती है और घाव जल्दी ठीक होता है ।

८. कुल्ला करने के बाद एक कप आईसक्रीम (बिना ड्रायफ्रुट वाली) खायें । पहले दिन सिर्फ आईसक्रीम खायें । शुरुआत में दर्द होता है परंतु धीरे-धीरे खाने से दर्द कम हो जाता है । आईसक्रीम खाने से शर्दी या कफ हो जाता है ऐसी मान्यता गलत है इसलिये ठंडी चीजें खाने से दर्द कम होता है ।

९. ओपरेशन के बाद एक सप्ताह तक हल्का, नरम आहार जैसे कि खिचड़ी, हलवा, दूध दूधपौंवा, चाय-बिस्कीट, आईसक्रीम, दाल-भात, ब्रेड का नरम हिस्सा इत्यादि खा सकते हैं । दूसरे सप्ताह से नियमित आहार ले सकते हैं लेकिन पापड़, अचार या अन्य खट्टी चीजें न खायें जो घाव को छिल देती हैं या जलन पैदा करती हैं ।

१०. मुँह में अंदर की तरफ सफेद रंग का दाग दिखे या सूजन दिखे तो घबरा न जायें ।

११. काकड़े के ओपरेशन के बाद मुँह में से अत्यधिक खून निकले तो तुरंत डोक्टर को बुलायें । थूक में हल्के खून के छींटे दिखे तो वह सामान्य है । यदि अधिक खून बहताहै तो डोक्टर को दिखाना जरुरी है ।

१२. समझाये अनुसार दवाईयाँ नियमित लें ।

१३. फिर से दिखाने के लिये ता० **__/__/20__** को **__:__A.M/ P.M.** बजे चंद्रप्रभुक्लिनीक पर आयें ।

१४. दूसरे सप्ताह जाँच करवाने आयें तब दो दिन पहले से क्लिनीक के नंबर पर फोन कर के एपोइन्टमेन्ट प्राप्त कर लें ।